यीशु मनुष्य रूप में पैदा हुआ

1) क्रिसमस और यीशु के शरीर धारण का गहरा अर्थ को प्रकट करना।

प्रार्थना: प्यारे यीशु इस अद्भुत सच्चाई को जानने में मेरी सहायता करो, कि आप मनुष्य तथा परमेश्वर दोनो हो। मेरी सहायता करो कि मैं सबको यह बता सकूं कि आप मनुष्य और परमेश्वर के मिले स्वरूप हो! आप यहोवा परमेश्वर के सबसे मूल्यवान उपहार है!

परिप्रेक्ष्य: यदि आप अभी तक यीशु के ऐतिहासिक जन्म के विषय में नहीं जानते हैं तो आप लुका रचित सुसमाचार के पहले और दूसरे अध्याय तथा मत्ती का पहला और दूसरा अध्याय पढ़ें। क्रिसमय के लिए बच्चों को लुका के पहले और दूसरे अध्याय से ड्रामा सम्मिलित करना चाहिए।

यशायाह नबी ने सैकड़ो वर्ष पहले यीशु के विषय में भविष्यवाणी की थी जो यशायाह 7:14 में पाई है "उसका नाम इम्मानुएल रखा जाएगा" जिसका अर्थ है "परमेश्वर तुम्हारे साथ है"

यीशु के दो स्वभाव पाए जाते हैं, परमेश्वर के दिव्य स्वभाव और मनुष्य का स्वभाव। वह मनुष्य और परमेश्वर यहोवा के मध्य पुल है।

- यूहन्ना 1:1-3 में यीशु के कौन से दो गुण दर्शाए गए है।
- यूहन्ना 1:1 में यीशु को अनन्त वचन दर्शाया गया है और यूहन्ना 1:7 में उसे क्या कहा!
- यूहन्ना 1:1-3 में यह कहा गया कि यीशु मनुष्य रूप धारण करने से पहले वह था।
- इब्रनियों 2:14-15 में उसके कौन से दो गुण प्रकट होते हैं!

इब्रनियों 2:14-15 के अनुसार यीशु ने मनुष्य रूप धारण कर किससे हमें बचाया। मनुष्य बनकर यीशु ने हमें शैतान से बचाया।

- गलतियों 4:3-7 में यीशु मनुष्य रूप धारण करने से हमें क्या बनने का अधिकार देता है। क्योंकि परमेश्वर मनुष्य रूप में पैदा हुआ और हमारे गुनाहों के लिए मरा और हमें उसके पुत्र होने का अधिकार दिया, और यीशु के साथ परमेश्वर का उत्तराधिकारी होने का भी!

2) अपने सहयोगी के साथ क्रिसमस के विशेष कार्यक्रम को तैयार करो।

- कुछ विश्वासी अपने दोस्तों के घरों में यीशु के पैदा होने के विषय में गाने गा सकते हैं।
- कुछ दूसरे विश्वासी जो बहुत गरीब है उनको खाना और उपहार बाँट सकते हैं।
- यीशु के जन्म की खुशी में विश्वासी, दोस्त और रिश्तेदार आपस में दावत कर सकते हैं।

3) क्रिसमस उत्सव मनाने की रचना कीजिए। स्थानिय रीति रिवाज के अनुसार कार्यक्रम बनाइए।

बच्चों से कहिए कि जो कुछ उन्होंने तैयार किया है वह प्रस्तुत करें।

यीशु के जन्म विषय में भविष्यवाणियां। सहायक से कहे कि वह उस भविष्यवाणी को पढ़े जब आप कहें। पुराने सुसमाचार में भविष्यवक्ताओ ने यीशु के जन्म से बहुत पहले भविष्यवाणी कर दी थी! उन्होंने पहले ही भविष्यवाणी की कि मनुष्य को बचाने वाला उद्धारकर्ता.....

- उत्पत्ति 3:15 में लिखा है उस स्त्री के और तेरे वंश में बैर उत्पन करूँगा और वह तेरे (शैतान) सिर को कुचलेगा!

- उत्पत्ति अध्याय 12:1-3, 7 अब्राम के घराने सब देशों को आशिष देगे।
- उत्पत्ति 49:10 यहूदा के घराने से!
- व्यवस्थाविवरण 18:15 में लिखा है कि यहोवा मूसा के समान एक नबी खड़ा करेगा और लोग उसको सुनेगें।
- यशायाह 9:6-7 राजा दाऊद के वंश से राजगद्दी पर बैठेगा और उसका राज्य सदा रहेगा।
- मीका 5:2 बैतलहम में पैदा होगा।
- यशायाह 7:14 वह कुँवारी से पैदा होगा और उसका नाम इम्मानुएल रखेगी।

व्याख्या कीजिए यीशु को "इम्मानुएल" क्यों कहते हैं और उसके दो गुण क्या है?

मत्ति अध्याय 2 ज्योतिषियो का बालक यीशु से मिलना!

- आप या आपके सहयोगी मत्ति अध्याय दो पढ़े या जुबानी सुनाए
- व्याख्या करे कि ज्योतिषीयो ने कैसे जाना कि यीशु ही वह राजा है जो परमेश्वर की ओर से भेजा गया।
- पूछिए, "क्यों दुष्ट लोग यीशु को जीने देना नहीं चाहते थे"
- किस प्रकार आज भी दुष्ट लोग, राजा हेरोद की तरह परमेश्वर का इन्कार करते हैं और उसके लोगों को सताते हैं।
- चरवाहो ने यीशु को चरनी में पाया। ज्योतिषियों ने यीशु को कहाँ पाया। उत्तर: एक घर में।
- बाइबल यह नहीं बताती कि कितने ज्योतिषी थे लेकिन यह बताती है कि कितने उपहार थे। कितने थे?

वाचा के सन्दुक के छीने जाने की कहानी बताइए (1 शमुएल अध्याय 4-6) पहले वाचा के सन्दूक की व्याख्या कीजिए।

- यीशु के जन्म से पहले, परमेश्वर ने साँसारिक चिन्हो के द्वारा यीशु के उद्धार के काम प्रकट किए। वाचा का सन्दूक परमेश्वर का मनुष्य के साथ सम्बन्ध दर्शाता है। जब यीशु पैदा हुआ तो परमेश्वर शरीरिक रूप धारण कर हमारे मध्य आया और चिन्ह को बदल दिया।
- वाचा का सन्दूक एक बड़ा पत्थर का पटिया था, जिन पर परमेश्वर ने दस आज्ञाँए लिखी और यह वाचा की नीव थी जो परमेश्वर ने इस्राएलियो से बाँधी थी। यीशु पवित्र सन्दूक की वाचा की तरह अपने हृदय में परमेश्वर की आज्ञाँए लिए था। वह हमेशा यहोवा परमेश्वर की आज्ञा मानता था।
- वाचा का सन्दूक लकड़ी का बना हुआ था जिस पर सोने की परत चढ़ी थी। यहेजकेल ने यहोवा का तेज देखा, जो सन्दुक पर था (यहेजकल 10:4) बिल्कुल वैसे जैसे यूहन्ना और प्ररितो ने परमेश्वर का तेज देखा जो प्रभु यीशु में उत्पन्न हो रहा था। (यूहन्ना 1:14)
- वाचा के सन्दूक पर दो करूबो को, जो सोने से बने थे, कोने पर बैठे तथा अपने पंख फैलाए हुए थे। उनके पँखों से सन्दूक पूरी तरह ढका हुआ था। वचन में जब यहोवा परमेश्वर की प्रसन्न आकृति का वर्णन होता है, इन कस्बो का बड़ा सुन्दर वर्णन होता है।

1 शमूएल 1:4 वर्णित सिर्फ मुख्य बातों का वर्णन करो

- जब इस्राएली सेना रणभूमि में पलिस्तियों से युद्ध हार रही थी तो उन्होंने वाचा के सन्दूक को रणभूमि में लाने का यह सोचकर तय किया कि यहोवा उनके लिए युद्ध करेगा।

- यहोवा ने यह आज्ञा दी कि वाचा का सन्दूक तम्बू में बहुत ही पवित्र स्थान पर रखा जाए। केवल महायाजक ही वर्ष में एक बार बलि के लहू के साथ प्रवेश कर सकता है।
- पलीश्ती सेना यह सोचकर बहुत घबरा गई कि इस्राइलियो का परमेश्वर रणभूमि में आ गया है। फिर भी पलिश्तियो ने घमासान युद्ध किया और वाचा का सन्दूक छीन लिया।
- जब महायाजक एली ने यह सुना तो उसको इतना आघात लगा कि वह पीठ के बल गिरा और मर गया।
- पलिरितायो ने वाचा के सन्दूक को ले जाकर दागोन के मन्दिर में अपने अपने देवी-देवताओ और दागोन देवता के साथ रख दिया दागोन देवता।
- तीसरे दिन दागोन का सिर कटा हुआ पड़ा था, ठीक उसी प्रकार जिस तरह यीशु ने तीसरे दिन मुर्दो में से जी उठकर शैतान का सिर कुचल दिया था।
- दागोन हमें उस बड़ी मछली की याद दिलाता है जिसने योना को तीसरे दिन जीवित उगल दिया था!
- जब पलिस्ति दर्दनाक गिल्टियो से पीड़ित होने लगे तो उन्होने वाचा के सन्दूक को बन्द गाड़ी पर रखकर दो गायो को जोदकर खाली भेज दिया, यह देखने के लिए की क्या परमेश्वर यहोवा उनको वापस इस्राएल पहुचाएगाँ।
- जब खेत में काम करने वाले लोगो ने वाचा के सन्दूक को देखा तो वह खुशी से इस तरह नाचने लगे जिस तरह प्रेरित यीशु के मृत्यु से जी उठने के बाद खुश थे।

यूहन्ना 1:14 **याद कीजिए।**

प्रार्थना और कार्यक्रम बनाने के लिए दो या तीन लोगों का संगठन बनाए। प्रभु से सहायता माँगे कि हम सच्चे मन से उस पुनर्जीवित यीशु को देखें जो इम्मानुएल कहलाता है जिसका अर्थ है परमेश्वर हमारे साथ है। हम उसकी संगति में बढ़ते जाए। एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें!

प्रभु के अन्तिम भोज के परिचय के लिए पढ़े यूहन्ना अध्याय एक पद 1-3,7

- व्याख्या कीजिए कि यीशु ही परमेश्वर का जीवित वचन है, जो देहधारी हुआ। वह अदृश्य परमेश्वर का प्रतिरूप और समस्त सृष्टि मे पहिलौठा है! (कुलुस्सियो 1:15-17 यहून्ना 1:14)
- अन्तिम भोज परमेश्वर के देह धारण का अद्‌भुत चिन्तन विषय है! यह हमें याद दिलाता है कि यीशु मानव शरीर में जन्म लिया जब हम रोटी खाते है और वह लहू जो मनुष्य के पापों के लिए बहाया गया। यदि आप अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं तो कृप्या पढ़े 1 तीमुथियुस 2:3-7 और यूहन्ना 2:2